आपका अनुक्रमांक........................

4591

**B.A. (Programme)/II/III** C

HINDI LANGUAGE (C)—Paper II

हिंदी भाषा (ग)—प्रश्नपत्र II

(प्रवेश वर्ष 2004/2006 और तत्पश्चात् नियमित कॉलेजों के विद्यार्थियों के लिए/NCWEB के विद्यार्थियों के लिए)

समय : 3 घण्टे पूर्णांक : 75

(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए।)

**टिप्पणी** :—प्रश्न-पत्र पर अंकित पूर्णांक कॉलेजों (श्रेणी 'A') के विद्यार्थियों के लिए अनुप्रयोज्य हैं। तथापि ये अंक NCWEB के विद्यार्थियों के संबंध में उनके परिणाम के संकलन के लिए नियुक्त अधिनिर्णय के समय पर, उनके आनुपातिक रूप में अधिक होंगे।

1. निम्नलिखित अनुच्छेद आपके पाठ्यक्रम में निर्धारित पाठों से लिए गए हैं। किन्हीं **दो** अनुच्छेदों के नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 8,8

(क) दो शेर लड़ते हैं, एक गिरता है। ऐसा ही होता है, इसके लिए अफसोस की क्या बात ? बलदेव सिंह

तो ऐसी ही मृत्यु चाहते थे। उन्होंने मौत की कब परवाह की ? मौत की आँखों में आँखें डालकर मुस्कुराना—यही तो बलदेव सिंह थे। क्षत्रिय की तरह युद्ध-क्षेत्र में काम आऊँ, खेत रहूँ—यही तो उनकी कामना थी। यह कामना पूरी हुई, यह वीरगति पाकर, सूर्यमंडल को भेदकर, अमरपुरी गए, इसमें तो कोई शक नहीं। किन्तु जिन हाथों ने यह काम किया, क्या वे वीर के हाथ थे ? शेर के पंजे थे ? नहीं, नहीं, कुछ सियारों ने बुजदिलों और कायरों ने—छुपकर, घात लगाकर, बड़े बुरे मौके पर, बड़े बुरे ढंग से, यह कुकर्म किया। उसकी कल्पना भी खून को खौला देती है, उत्तेजित कर देती है।

(i) 'दो शेर लड़ते हैं, एक गिरता है। ऐसा ही होता तो उसके लिए अफसोस की क्या बात ?' लेखक का आशय स्पष्ट कीजिए।

(*ii*) 'मौत की आँखों में आँखें डालकर मुस्कुराना'—इस वाक्य से बलदेव सिंह के चरित्र का कौनसा पक्ष उजागर होता है ?

(*iii*) 'किन्तु जिन हाथों ने यह काम किया, क्या वे वीर के हाथ थे ?' इस वाक्य के माध्यम से लेखक ने किन लोगों की ओर संकेत किया है ?

(*iv*) इस पाठ का शीर्षक और लेखक का नाम बताइए।

(ख) मुझे लगता है कि मेरे चारों ओर हर चीज़ का एक नया मूल्य उभर रहा है, जो उसके आजतक के मूल्य से सर्वथा भिन्न है और जो उसके रूप को मेरे लिए बिल्कुल बदले दे रहा है। कोई चीज ऐसी नहीं जो किसी न किसी रूप में किसी न किसी चीज़ का विज्ञापन न हो। अजन्ता के चित्र और एलोरा की मूर्तियाँ कभी अछूती कला का उदाहरण रही होंगी, परन्तु आज उस कला को एक नई सार्थकता प्राप्त हो गई है। उन

मूर्तियों का केश-सौन्दर्य आज मुझे एक तेल की शीशी का स्मरण कराता है, उनकी आँखें एक फार्मेसी का विज्ञापन प्रतीत होती हैं और उनका समूचा कलेवर एक पेट्रोल कम्पनी की कलाभिरुचि को प्रमाणित करता है। जिन हाथों ने उन कलाकृतियों का निर्माण किया था, वे हाथ आज भी एक बिस्कुट कम्पनी की विकास योजना के विज्ञापन के रूप में सार्थक हो रहे हैं।

(i) "विज्ञापन ने हर चीज़ को एक नया मूल्य दिया है।" इस कथन का आशय स्पष्ट कीजिए।

(ii) इस अवतरण में जीवन पर विज्ञापन का क्या प्रभाव बताया गया है ?

(iii) अजन्ता एलोरा की कलाकृतियाँ किन वस्तुओं के विज्ञापन का स्मरण कराती हैं ?

(iv) विज्ञापन ने लेखक के जीवन को किस प्रकार प्रभावित किया है ?

(ग) जब भी

भूख से लड़ने

कोई खड़ा हो जाता है

सुन्दर दीखने लगता है।

झपटता बाज,

फन उठाए साँप,

दो पैरों पर खड़ी

काँटों से नन्हीं पत्तियाँ खाती बकरी

दबे पाँव झाड़ियों में चलता चीता,

डाल पर उल्टा लटक

फल कुतरता तोता,

या इन सब की जगह

आदमी होता।

(i) कवि ने इन दृश्यों को किस बात के उदाहरण के तौर पर प्रस्तुत किया है ?

(ii) वह कौनसा प्राणी है, जिसका नामोल्लेख तो है, पर जिसकी विशिष्ट मुद्रा का वर्णन कवि ने नहीं किया है ?

(iii) 'भूख' और 'सुन्दरता' दोनों का सम्बन्ध इस कविता के सन्दर्भ में स्पष्ट कीजिए।

(iv) इस अनुच्छेद के पाठ और लेखक का नाम लिखिए।

2. किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 9

(i) सफेद कुर्ता-पाजामाधारी युवक ने किस तरह के लोगों को टिंपरेरी खादीप्रेमी कहा है ?

(चन्द्रमा के देश में)

(ii) महीन किस्म की स्त्री-विरोधी हिंसा, लेखिका ने किसे

[illegible]

(*iii*) लेखक ने प्रेमपत्रों को राष्ट्रभाषा के प्रचार का श्र

माध्यम क्यों बताया है ?

(भाषा का प्रश्न प्रेमपत्रों के सन्दर्भ में)

(*iv*) महात्मा गाँधी के अनुसार धर्म का स्वरूप क्या है ?

(धर्म की आ

(*v*) साम्यवाद की कौनसी विशेषताएँ पौलैंड में स्पष्ट दिखाई

देती हैं ? (वारसा की डायरी)

3. (क) हिंदी की किन्हीं दो बोलियों का संक्षिप्त परिचय

दीजिए। 4

(ख) देवनागरी लिपि के मानकीकरण पर विचार कीजिए।

**अथवा**

निम्न शब्दों के शुद्ध रूप लिखिए :

आधुनीक, प्रकिरिया, स्थानिय, समाजिक। 4

(ग) राजभाषा और राष्ट्रभाषा में अन्तर स्पष्ट कीजिए। 4

निम्नलिखित अपठित अनुच्छेद के आधार पर प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

हमें ठीक ठीक समझना चाहिए कि हिंदी की शक्ति कहाँ है ? हिंदी इसलिए बड़ी नहीं है कि हममें से कुछ लोग इस भाषा में कहानी या कविता लिख लेते हैं या सभा मंचों पर बोल लेते हैं। नहीं वह इसलिए बड़ी है कि कोटि-कोटि जनता के हृदय और मस्तिष्क की भूख मिटाने में यह भाषा इस देश का सबसे बड़ा साधन हो सकती है। हमारे पूर्वजों ने दीर्घकाल की तपस्या और मनन से जो ज्ञानराशि संचित की है, उसे सुरक्षित रखने का यह सबसे मजबूत पात्र है, जनता तक आशा और उत्साह का सन्देश इसी जीवन्त और समर्थ भाषा के द्वारा पहुँचाया जा सकता है। यदि देश में आधुनिक ज्ञान-विज्ञान को हमें जन-साधारण तक पहुँचाना है तो इसी भाषा का सहारा लेकर हम यह काम कर सकते हैं। हिंदी इन्हीं सम्भावनाओं के कारण बड़ी है।

(*i*) लेखक की दृष्टि में हिंदी किन कारणों से '[illegible]ड़ी' है ? 2

(*ii*) हिंदी भाषा देश में **'सबसे बड़ा साधन'** किस रूप में हो सकती है। 2

(*iii*) इस गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक दीजिए। 1

5. पुस्तकें मँगवाने के लिए प्रकाशक के नाम एक पत्र लिखिए।

**अथवा**

नगर निगम के गृहकर (हाउस-टैक्स) अधिकारी को अपना गृहकर बिल ठीक कराने के लिए पत्र लिखिए। 5

6. (क) निम्नलिखित मुहावरों में से किन्हीं **चार** का वाक्यों में प्रयोग कीजिए : 4

कमर कसना, मुँह तोड़ जवाब देना, हाथ पाँव फूलना, पीठ दिखाना, नाक रगड़ना, अधजल गगरी छलकत जाए।

(ख) किन्हीं **चार** वाक्यों को शुद्ध रूप में लिखिए : 4

मैने आज दिल्ली जाना है।

आप हमारे यहाँ जरूर आओ।

तेजी में साइकिल मत चलाओ।

राम कल बम्बई को गया।

यह बात उसको पूछो।

जब तुम जाओगे तो हम चलेंगे।

(ग) किसी **एक** विषय पर निबन्ध लिखिए : 8

(*i*) विश्व पुस्तक मेला

(*ii*) आतंकवाद

(*iii*) भ्रष्टाचार—एक अभिशाप।

(घ) पुष्प प्रदर्शनी **अथवा** 'ऑटो-एक्स्पो' पर एक प्रतिवेदन लिखिए। 4

8. (क) कोश की परिभाषा देते हुए एकभाषी कोश की वि
बताइए।

(ख) निम्नलिखित शब्दों को वर्णक्रमानुसार लिखिए :

चपल, कमल, पल्लव, टंकण, यामिनी, तिथि,
क्षेत्र।